## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी को

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 आगामी 9 फरवरी 2024 को दो पालियों में प्रात:10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु 3 सदस्यीय उडऩदस्ता दल सह परिवहन अधिकारी नियुक्त किया गया है। उडऩदस्ता दल परीक्षा केन्द्रों की परीक्षावधि में सतत निगरानी रखेंगे। उडऩदस्ता दल 9 फरवरी को जिला कोषालय रायगढ़ से गोपनीय सामग्री प्राप्त कर परीक्षा प्रारंभ होने के 1.30 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्रों में पहुंचायेंगे एवं परीक्षोपरांत केन्द्राध्यक्षों से गोपनीय सामग्री (सील्ड) प्राप्त कर जिला कोषालय में जमा करेंगे। गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु प्रात: 7.30 बजे एवं दोपहर 12.30 बजे जिला कोषालय रायगढ़ में उपस्थित होंगे।

### युवक पर जानलेवा हमला, अस्पताल जाते समय हुई मौत, आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर (आरएनएस)।** वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र के कोटराही गांव में देर रात एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना रात करीब दो बजे की बताई जा रही है, जब आरोपी संजय खेरवार ने मृतक ओमप्रकाश कुशवाहा के घर में घुसकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की, तो वह अपने घर की छत में छिपा हुआ पाया गया, जिसे गिरफ्तार कर थाने लाया गया। सूत्रों के अनुसार, मृतक ओमप्रकाश ने पहले भी आरोपी संजय खेरवार के खिलाफ पुलिस में शिकायत की थी। हालांकि, हत्या के पीछे की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है, और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

### पुलिस में शिकायत से नाराज पड़ोसी ने घर घुसकर मारा चाकू

**बलरामपुर-रायपुर (आरएनएस)।** वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र के कोटराही गांव में देर रात युवक के घर में घुसकर उस पर जानलेवा हमला किया गया. गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई. पुलिस ने मामले में आरोपी युवक को पकड़ लिया है.घटना रात करीबन दो बजे की बताई जा रही है, जब आरोपी संजय खेरवार मृतक ओमप्रकाश कुशवाहा पिता अंबिका कुशवाहा के घर में घुसकर जानलेवा हमला कर फरार हो गया. घटना के बाद युवक की तलाश शुरू हुई तो वह अपने घर के छत में छिपा मिला, जिसे पकडक़र थाने लाया जा रहा है. बताया जा रहा है कि मृतक ने पहले भी आरोपी पड़ोसी की पुलिस से शिकायत की थी.

### शिक्षक ने छात्रा को अश्लील मैसेज भेजा, परिजनों ने की कार्यवाई की मांग

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक ने छात्रा को फिर अश्लील मैसेज भेजा है। परिजनों ने बीईओ से मामले की शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि शिक्षक कमलेश साहू पहले भी बैड टच के मामले में जेल जा चुका है। जानकारी के मुताबिक, बिल्हा के शिक्षक कमलेश साहू पर 8वीं की छात्रा को अश्लील मैसेज भेजने का आरोप छात्रा की मां ने लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत बिल्हा बीईओ से की है। शिकायत में बताया गया है कि बेटी का फोन चेक करने पर आपत्तिजनक मैसेज मिले हैं। इससे परिवार में तनाव है। बता दें कि शिक्षक कमलेश साहू पहले भी बैड टच के मामले में जेल जा चुका है। मंगला पासीद स्कूल में 6वीं और 8वीं की छात्राओं ने शिकायत की थी। इस पर पुलिस जांच के बाद पहले उसे गिरफ्तार किया गया था। अब दोबारा अश्लील मैसेज भेजने का मामला सामने आया है। छात्रों के परिजनों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### बुजुर्ग महिला से जेवर की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** बंजारी मंदिर के पास गोलबाजार में दो पुरूष और एक महिला ने एक बुजुर्ग महिला से सोने के जेवर ठग लिए। प्रार्थिया की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मालती यादव 60 वर्ष चंगोराभाठा आरडीए कालोनी की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया गोलबाजार स्थित बंजारी मंदिर के पास खड़ी थी। तभी दो युवक और एक महिला प्रार्थिया के पास आए और खाना नहीं खाए है कहकर पैसा की मांग किए। जिससे प्रार्थिया ने उन तीनों को 500 रुपए दे दिया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थिया से कहा कि आप भी हमारे साथ खाना खाने चलो कहकर ऑटो से रेलवे स्टेशन के पास ले गए। जहां आरोपियों ने प्रार्थिया के सोने के जेवर उतरवाकर उसका गठरी बनाकर दे दिए। जिसके बाद तीनों आरोपी बहाना बनाकर वहां से चले गए। जब प्रार्थिया ने गठरी को खोला तो उसमें देखा की कागज का बंडल था। जिसके बाद प्रार्थिया ने इसकी शिकायत गोलबाजार थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने की रायपुर जिले के मतदान पूर्व तैयारियों की समीक्षा

- सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में बनाये गये स्ट्रांग रूम का किया अवलोकन
- मतदान प्रक्रिया को पूरी पारदर्षिता एवं निष्पक्षता से कराई जाए: राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह

**रायपुर | आरएनएस**



आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव 2025 की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने रायपुर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, सेजबहार में समीक्षा बैठक ली। बैठक में चुनावी प्रक्रिया की सुचारू रूप से संचालन के लिए किए जा रहे व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई । राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह , नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप एवं सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद उपस्थित थे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह ने नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के मतदान केंद्रों, ईवीएम मशीनों की व्यवस्था, निर्वाचन प्रबंधन, सुरक्षा प्रबंधन, मतदान कार्मियो की उपलब्धता, ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग और मतदाता जागरूकता अभियानों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में मतदाता एक ही ईवीएम मशीन के माध्यम से दो बार वोट डालेंगे, एक महापौर/अध्यक्ष और दूसरा पार्षद के लिए। उन्होंने मतदाताओं को इस प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए और किसी भी उल्लंघन की स्थिति में तत्काल कार्रवाई हो। साथ ही, मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन को समन्वय से काम करने के विशेष निर्देश दिए गए। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार में बनाए गए स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया और मतदान सामग्री वितरण एवं मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को मशीनों की कमीशनिंग, सुरक्षा, व्यवस्था, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेकर निर्देशित किया। रायपुर जिले के उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि जिले के 11 नगरीय निकायों में कुल 11 लाख अड़सठ हजार 373 मतदाता है तथा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु 7 लाख 16 हजार 277 मतदाता है। जिले के नगरीय निकायों में 1221 मूल मतदान केन्द्र तथा 69 सहायक मतदान केन्द्र, इस प्रकार कुल 1290 मतदान केन्द्र है। इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु 1374 मूल मतदान केन्द्र तथा 04 सहायक मतदान केन्द्र, इस प्रकार कुल 1378 मतदान केन्द्र है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर तथा कमिंशनिग टीम को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वितरण वापसी टीम को प्रथम प्रशिक्षण दे दिया गया है तथा दिनांक 09 फरवरी को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष व्यवस्था की जाए। उन्होंने मतदाताओं से भी अपील की कि वे अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर कीर्तिमान सिंह राठौर, आरटीओ आशीष देवांगन, अपर कलेक्टर निधि साहू, अभिलाषा पैकरा, एडिशनल एसपी विवेक शुक्ला, कीर्तन राठौर सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का किया आयोजन, 500 कैंसर मुक्त लोगों ने वॉकाथॉन कर लोगों में बढ़ाई जागरूकता

**रायपुर | आरएनएस**

विश्व कैंसर दिवस के मौके पर आज यानी मंगलवार 4 फरवरी रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर द्वारा एक फ्री कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें कैंसर की रोकथाम और इस बीमारी का जल्द पता लगाकर उसका इलाज कराने के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

इस कार्यक्रम में मेडिकल एक्सपट्र्स और अन्य गणमान्य लोगों द्वारा कैंसर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही कैंसर मरीज़ों के लिए कार्यरत लोगों और मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को सम्मानित भी किया गया।

बता दें कि फ्री कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का मुख्य उद्देश्य कैंसर की जांच और रोकथाम के साथ बेहतर इलाज को तरजीह देते हुए रायपुर एवं मध्य भारत में लोगों और विभिन्न संगठनों को कैंसर के प्रति जागरूक करना है। हर साल लगभग 20 लाख नए कैंसर के मामले सामने आते हैं, जिनमें स्तन, बच्चेदानी और मुँह का कैंसर प्रमुख हैं।

विश्व कैंसर दिवस के मौके पर आज इस कैंप में मरीज़ों की नि:शुल्क जांच की गई और मरीज़ों को उनके अनुभव व्यक्त करने के लिए मंच भी दिया गया। जाने-माने ऑन्कोलॉजिस्ट्स डॉ. रवि जायसवाल (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), डॉ. सौरभ जैन (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. चेतना रमानी और डॉ. सुबुही नकवी के साथ अन्य हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स और नर्सिंग स्टाफ ने हेल्दी लाइफस्टाइल और कैंसर की जल्द जांच पर विशेष ज़ोर दिया ताकि शुरूआती स्टेज में ही कैंसर की पहचान की जा सके।

इस कार्यक्रम की शुरुआत मरीन ड्राइव में एक वॉकथॉन (वॉकिंग मैराथन) के साथ हुई ताकि कैंसर की जांच के महत्व से रायपुरियंस को अवगत कराया जा सके। इस वॉकथॉन में जाने-माने डॉक्टर्स, सामुदायिक संगठनों के सदस्यों, एनजीओ के प्रतिनिधियों और कैंसर सर्वाइवर्स ने बैनर्स और पोस्टर्स के साथ रूटीन हेल्थ चेकअप और कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता लाने का प्रयास किया। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में कैंसर पीड़ितों के लिए हमेशा बेसिक और एडवांस्ड कैंसर स्क्रीनिंग पैकेजेज़ उपलब्ध हैं। साथ ही फरवरी माह में स्क्रीनिंग करवाने वाले मरीजों के लिए शुल्क में विशेष छूट भी रखी गई है।

500 से ज़्यादा लोगों ने फ्री कैंसर स्क्रीनिंग का लाभ उठाया

इस कार्यक्रम में 500 से ज़्यादा लोगों ने फ्री कैंसर स्क्रीनिंग का लाभ उठाया। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर्स और टेक्निशियंस की काबिल टीम ने सामान्य प्रकार के कैंसर जैसे स्तन, बच्चेदानी और मुँह के कैंसर की जांच की गई। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की टीम द्वारा बीते कुछ महीनों में पूरे छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम्स संचालित करके, इस फ्री कैंसर स्क्रीनिंग कैंप के लिए विशेष तैयारी की थी।

## हाईकोर्ट ने बीएड डिग्रीधारियों को दी राहत, राज्य सरकार से चार सप्ताह में मांगा जवाब

**बिलासपुर-रायपुर | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में टीचर भर्ती विवाद पर हाईकोर्ट ने एक नया आदेश जारी किया है। इसमें डीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए 10 फरवरी से होने वाली काउंसिलिंग में बीएड डिग्रीधारी उन अभ्यर्थियों को भी शामिल किया जाएगा, जिन्होंने अपनी डीएड डिप्लोमा का उल्लेख नहीं किया है। साथ ही मामले में राज्य शासन से चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश पर डीएड अभ्यर्थियों की भर्ती करने के लिए पूर्व में शासन ने 2855 अभ्यर्थियों की लिस्ट हाईकोर्ट में पेश की थी। इस दौरान हाईकोर्ट ने शासन को आदेश का पालन करने के लिए 15 दिन का समय दिया था। साथ ही न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी थी। जिसके बाद राज्य शासन ने बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की सेवा समाप्ति करने का आदेश जारी किया है। साथ ही 10 फरवरी से डीएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए काउसिंलिंग करने का आदेश दिया है।

## होटल, ढाबा, ठेला में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले संचालकों विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी

**कसडोल | आरएनएस**

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना कसडोल पुलिस टीम द्वारा दिनांक 05.02.2025 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 05 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया* गया है। पकड़े गए सभी 05 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है।

आरोपियों के नाम

1. महावीर मांझी उम्र 56 साल निवासी ब्लॉक कॉलोनी कसडोल थाना कसडोल
2. रामनाथ साहू उम्र 40 साल निवासी ग्राम नया खर्वे थाना कसडोल
3. अनुज साहू उम्र 36 साल निवासी ग्राम मडकड़ा थाना कसडोल
4. शिवकुमार साहू उम्र 50 साल निवासी ग्राम पुराना खर्वे थाना कसडोल
5. नरेश साहू उम्र 34 साल निवासी ग्राम असनींद थाना कसडोल

## लोनर हाथी ने फिर उतारा मवेशी को मौत के घाट

**कोरबा | आरएनएस**



वनमंडल कटघोरा के पसान रेंज में लोनर हाथी का आतंक जारी है। बीती रात इस हाथी ने यहां के सेमरहा बीट के हरदेवा गांव में आतंक मचाते हुए एक मवेशी को मार डाला तथा एक अन्य को घायल कर दिया। जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में विचरण कर रहा यह लोनर हाथी आधी रात को गांव में घुसा और बुधवार सिंह नामक ग्रामीण के घर के पास बंधे दो मवेशियों पर हमला कर दिया जिससे एक मवेशी की जहां तत्काल मौत हो गई वहीं एक अन्य घायल हो गया जिसका उपचार किया जा रहा है। पीड़ित ग्रामीण द्वारा आज सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हाथी के हमले में मृत मवेशी का पोस्टमार्टम करवाने के बाद जरूरी कार्रवाई की। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में भी हाथी समस्या लगातार बनी हुई है। यहां के कलमीटिकरा, कुदमुरा, चचिया व श्यांग परिसर में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है।

पसरखेत रेंज में मौजूद 6 हाथी कुदमुरा रेंज में प्रवेश कर 33 हाथियों के दल में शामिल हो गया है जिससे वहां सक्रिय हाथियों की संख्या 39 हो गई है जबकि श्यांग में 6 व चचिया में इतने ही हाथी पहले से सक्रिय हैं। कलमीटिकरा परिसर में एक लोनर हाथी अलग से विचरण कर रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों की निगरानी लगातार की जा रही है और हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। हाथियों की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में लगातार मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम जारी है। वन अमला लोगों से कह रहा है कि उनके क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं अत: सावधानी बरतें।

## मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी,फरार आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग | आरएनएस**




मंत्रालय में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रूपयों की ठगी करने के मामले में फरार एक महिला सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार आवेदक प्रहलाद सिंह सिकरवार कि रिपोर्ट आरोपीगण अनिता सिंह, इनके पति नरेन्द्र सिंह एवं इनके साथी गिरीश यादव और भूपेश कुमार सोनवानी के द्वारा प्रार्थी के बेटे नवीन सिंह को मंत्रालय रायुपर में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 425000 रूपये तथा बुद्धेश्वर को मंत्रालय में प्यून के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 170,000 रूपये अलग अलग किस्तों एवं फ ोन के माध्यम प्राप्त किया तथा नौकरी नही लगाई। साथ ही नौकरी नही लगाने व रकम वापस मांगने पर अनिता सिंह ने भूपेश कुमार सोनवानी का युनियन बैंक ऑफ इंडिया का चेक नवीन को 425000 रूपये तथा बुद्धेश्वर को 150000 रूपये का चेक दिया किंतु चेक को बैंक में जमा करने पर चेक बाउंस हो गया इसके संबंध में बताने पर रकम आज कल देना कहते हुये घुमाते रहे। इस तरह आरोपीगणों द्वारा रकम लेकर नौकरी नहीं लगाया ना ही रकम को वापस कर आवेदकों के साथ धोखाधडी किये है। आवेदन के अवलोकन पर आरोपीगणों ने आवेदक के बेटे नवीन सिंह तथा बुद्धेश्वर को नौकरी लगाने के नाम पर छलपूर्वक धोखाधड़ी कर कुल 595,000 रूपये की ठगी करना अपराध धारा 420,34 भादवि का घटित होना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपी गिरीश यादव और भूपेश कुमार सोनवानी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है एवं अन्य आरोपी अनिता सिंह एवं नरेन्द्र सिंह ठाकुर घटना दिनांक से फ रार थे जिसकी पता तलाश की जा रही थी। इसी दौरान दिनांक 04-02-2025 को आरोपीगण अनिता सिंह एवं नरेन्द्र सिंह ठाकुर साकिनान ब्लाक नंबर 08 बीएसयुपी कॉलोनी भाठागांव रायपुर थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर को हिरासत में लिया गया तथा पुछताछ में आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर अनिता सिंह उर्फ अन्नू पति नरेन्द्र सिंह ठाकुर उम्र 62 साल एवं नरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता द्वारका सिंह ठाकुर को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

## मोबाईल चोरी करने वाले 02 आरोपी को किया गिरफ्तार

- प्रकरण में चोरी गए मोबाईल को पुलिस ने किया बरामद

**राजनांदगांव | आरएनएस**

घटना का संक्षिप्त विवरण:- इस प्रकार है कि प्रार्थी लुकेश्वर साहू पति नाथू राम साहू उम्र 29 साल निवासी ग्राम बोडना थाना अर्जुन्दा जिला बालोद का रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह घटना दिनांक 03.02.2025 को के करीबन 12:30 बजे मोहारा बायपास राजनांदगांव स्थित शासकीय मदिरा दुकान मे शराब खरीदने के लिए लाईन में लगा हुआ था। कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसके जेब से रेडमी नोट कंपनी का मोबाईल कीमती 17500/ रूपये को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 58/25 धारा 303(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामला पंजीबद्ध होने के बाद से श्रीमान मोहित गर्ग (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं श्रीमान राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के दिशा निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व पर अज्ञात आरोपी की सरगर्मी से पतातलाश की जा रही थी तथा शराब भट्ठी के आसपास के क्षेत्रो में लगे सीसीटीव्ही कैमरा के अवलोकन पर आरोपियों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किये तथा आरोपीगणो के कब्जे से चोरी गए रेडमी नोट को बरामद कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपीगणों का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक नरेश सार्वा, सउनि डेमिन साहू, मप्र0आर0 ललिता तुलावी एवं आरक्षक प्रवीण मेश्राम,मोहसिन खान, आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU